उत्तरांचल सर्विसेज हाऊसिंग एसोसिएशन, देहरादून।

ई–मेल : secyusha09@gmail.com सहस्त्रधारा रोड़, देहरादून–0135–2607608

वेबसाइट : www.ushadoon.org

दिनांक : सितम्बर 12, 2015

दिनांक **12.09.2015** को अपरान्ह **1700बजे** उषा सोसाइटी के क्लब हाउस में आहूत उषा कार्यकारिणी समिति की गोष्ठी का कार्यवृत्तः–

<u>बैठक में उपस्थिति</u> :–

1. अध्यक्ष – श्री सुभाष जोशी
2. सचिव – श्री एस0पी0 सुबुद्धि
3. सदस्य – श्री ए0के0 राना

<u>विशेष उपस्थिति</u> :–

1. श्री राजीव भरतरी, पूर्व उपाध्यक्ष
2. श्रीमती शान्ता रविशंकर
3. श्री विक्रम चन्द्र गोयल
4. श्रीमती सुधा जोशी
5. श्रीमती अंजू राना
6. श्री दिनेश भट्ट
7. श्री रविन्द्र खन्डूजा, सी0ए0

कार्यकारिणी के श्री एल0एम0 पन्त व श्री एस0के0 भगत–उपाध्यक्ष, श्री आर0के0 सुधान्शु–सदस्य एवं श्रीमती आकांक्षा सिन्हा, सदस्या कतिपय कारणों से उपस्थित नहीं हो पाये। विगत गोष्ठी में उल्लिखित विभिन्न बिन्दुओं पर चर्चा करते हुए कृत कार्यवाही की अध्यावधिक जानकारी अध्यक्ष द्वारा दी गयी तत्पश्चात् निम्न बिन्दुओं पर विमर्श हुआ :–

बिन्दु संख्या 01 –दिनांक 14.08.2015 को हुई बैठक में लिये गये निर्णयों की समीक्षा की गयी एवं कृत कार्यवाही पर संतोष व्यक्त किया गया।

बिन्दु संख्या 02 –आगामी ए0जी0एम0 के एजेण्डा बिन्दुओं के सम्बन्ध में अध्यक्ष द्वारा एक विस्तृत प्रस्ताव प्रस्तुत किया गया, जिसमें मुख्यतः निम्न बिन्दु शामिल हैं–

1–सोसाइटी परिसर में आवास निर्माण से पूर्व सदस्यों को सोसाइटी के निर्धारित मानकों का पालन करने एवं समय–समय पर ए0जी0एम0/कार्यकारिणी द्वारा लिये गये निर्णयों के अनुरूप ही निर्माण करने के सम्बन्ध में।

2–भवन/भूखण्ड स्वामियों द्वारा इसे किराये पर दिये जाने से पूर्व कार्यकारिणी की अनुमति निर्धारित शर्तों के साथ लिये जाने के सम्बन्ध में।

3–सदस्यों द्वारा ए0जी0एम0/कार्यकारिणी में लिये गये निर्णयों एवं सोसाइटी के निर्धारित मानकों का उल्लंघन करने पर समुचित जुर्माना लगाये जाने की व्यवस्था।

उपरोक्त के अतिरिक्त निम्नलिखित बिन्दु भी आगामी ए0जी0एम0 में रखे जाने पर चर्चा हुई–

1–खाली पड़े प्लाटों पर सफाई–शुल्क वसूला जाना।

2–सदस्यों द्वारा प्लाट बेचे जाने की स्थिति में ट्रॉसफर चार्ज मौजूदा **पाँच लाख** से बढ़ाकर **दस लाख** किया जाना।

3–कालोनी परिसर में टेलिफोन टॉवर स्थापित करने विषयक।

बिन्दु संख्या 03 –सदस्यों पर अवशेष धनराशि की वसूली की समीक्षा की गयी। अवशेष धनराशि की वसूली हेतु और प्रयास किये जाने पर बल दिया गया। इसी क्रम में श्री राजीव भरतरी के द्वारा श्री विपिन चौधरी, श्री अजय कुमार श्री हेम पाण्डे एवं डा0 मेहर सिंह से बकाया राशि वसूलने हेतु प्रयास करने की सहमति दी गयी। इसके अतिरिक्त अन्य सदस्यों से भी अनुरोध किया गया कि वे अपने स्तर से वसूली हेतु प्रयास करेंगे।

बिन्दु संख्या 04 –बरसात के मौसम के पश्चात कालोनी परिसर की सड़कों की बिटुमिन कारपेट से मरम्मत कराये जाने हेतु ए0जी0एम0 में चर्चा कराये जाने पर सहमति बनी क्योंकि इसकी अनुमानित लागत 10 से 15 लाख होगी।

बिन्दु संख्या 05 –अध्यक्ष द्वारा अवगत कराया गया कि बिजली व्यवस्था में सुधार हेतु सम्बन्धित विभाग के अधिकारियों से वार्ता की गयी जो सकारात्मक रही।

बिन्दु संख्या 06 –सोसाइटी में कार्यरत अस्थाई कर्मियों के वेल्फेयर हेतु सालाना फण्ड की स्थापना हेतु ए0जी0एम0 में उचित प्रस्ताव रखने पर सहमति बनी।

बिन्दु संख्या 07–सोसाइटी के सी0ए0 श्री रविन्द्र खण्डूजा के द्वारा 2014.15 की बैलेंस शीट प्रस्तुत की गयी, जिसमें 2.86 लाख की देनदारी सोसाइटी पर शेष दर्शायी गयी है एवं रू0 63000/का सस्पेंस अकाउण्ट भी दर्शाया गया है, जिसके निस्तारण हेतु उन्हें कहा गया कि सोसाइटी के अभिलेखों से इसका मिलान कर लें।

श्री खण्डूजा के द्वारा बताया गया कि विगत एक–दो वर्षों में सोसाइटी परिसर में कैपिटल ऐसेट, जैसे बैडमिन्टन हॉल, क्लब हाउस आदि के निर्माण के कारण बैलेंस शीट में पहली बार डेप्रिसिएशन रखा गया है। यह निर्णय लिया गया कि इस बैलेंस शीट में आवश्यक संशोधन कर इसे ए0जी0एम0 में प्रस्तुत किया जायेगा।

बिन्दु संख्या 08 –उपस्थित श्रीमती अन्जू राना के द्वारा पार्कों में डस्टबिन रखवाये जाने का सुझाव दिया गया, निर्णय लिया गया कि इसके डिजाइन एवं प्रकार के सम्बन्ध में फैब्रिकेटर से सम्पर्क कर इसका इस्टीमेट तैयार कर अगली मीटिंग में प्रस्तुत किया जाये।

बिन्दु संख्या 09 –विगत कार्यकारिणी की गोष्ठी में श्री ए0के0 राना की अध्यक्षता में तीन सदस्यीय कमेटी का गठन किया गया था जो कालोनी को हरा–भरा रखने के विषय में थी। अनुरोध किया गया कि लॉग–टर्म के लिये अपनी संस्तुति देते हुये अन्तिम रिपोर्ट शीघ्र प्रस्तुत करें।

इसके अतिरिक्त समिति द्वारा क्लब हाउस के पास लगाये जा रहे लोगो के कार्य पर संतोष व्यक्त किया गया। ई0सी0 द्वारा निर्णय लिया गया कि मुख्य द्वार के पास उषा का बोर्ड/लाइट लगवाने व सौन्दर्यीकरण को भी शीघ्र कार्यवाही की जाये।

अन्त में सभी सदस्यों का धन्यवाद ज्ञापित कर गोष्ठी समाप्त की गयी।

–हस्ता0–

(सुभाष जोशी)
अध्यक्ष,

प्रतिलिपि–1– समस्त सदस्यगण

2– श्री रविन्द्र खण्डूजा, सी0ए0